उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1114

दिनांक /Date.: 12 दिसम्बर, 2020

संवाद–70

विषयः–दिनांक 19.12.2020 को आयोजित सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 के प्रवेश पत्र जारी किये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 19.12.2020 से दिनांक 23.12.2020 के मध्य सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3, अवर अभियंता सिविल, पशुधन प्रसार अधिकारी, अधिदर्शक/प्रदर्शक(रेशम) एवं निरीक्षक(रेशम) के पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 के पदों हेतु लिखित परीक्षा सबसे पहले होगी इस परीक्षा के लिए सभी 2149 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिये गये हैं।

प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थी निम्नानुसार कार्यवाही करें:–

1. अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर जाकर UKSSSC Online लिंक खोले तथा अपना Application ID No. व जन्मतिथि डालकर प्रवेश पत्र डाउनलोड/प्रिंट करें।
2. आयोग द्वारा सभी अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नं0 एवं पंजीकृत ईमेल पर उनके Application ID व अन्य विवरण भी संदर्भ के लिए भेजे जा रहे है।
3. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कठिनाई होने पर अभ्यर्थी अपना नाम, अपनी जन्मतिथि, अपना पंजीकृत मोबाइल नं0 या पंजीकृत ईमेल की जानकारी के साथ हेल्पडेस्क **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर ईमेल भेजे एवं **दूरभाष संख्या 9520991174, 9520991172** पर भी संपर्क कर सकते है जिससे उनकों प्रवेश पत्र आदि की सहायता दी जा सके।
4. प्रदेश में उपलब्ध कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी0) का भी उपयोग अभ्यर्थी प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए कर सकते है।

प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट तथा उसके लिए ओ0टी0आर0/आवेदन पत्र में दिया गया पहचान पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर जाना अनिवार्य है। अन्य सभी निर्देश प्रवेश पत्र में दिये गये है।

अभ्यर्थियों को पुनः सूचित करना है कि आयोग द्वारा ऑनलाइन परीक्षाओं के संबंध में समुचित जानकारी प्राप्त करने के लिए तथा ऑनलाइन परीक्षाओं का अभ्यास करने के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल भी तैयार किया गया है जो आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। कृपया वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** के होम पेज पर जाकर आयोग द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग करें।

दिनांक 13.12.2020 से अभ्यर्थी अवर अभियंता (सिविल) पद के प्रवेश पत्र भी डाउनलोड कर सकते है उसके उपरांत पशुधन प्रसार अधिकारी, अधिदर्शक/प्रदर्शक(रेशम) एवं निरीक्षक(रेशम) के प्रवेश पत्र भी आयोग वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

।। शुभकामनाओं के साथ।।

आयोग की ओर से,

12/12/2020

(संतोष बडोनी)

सचिव।